दैनिक भास्कर

रायपुर 14-12-2025

# IIM रायपुर ने NTPC इलेक्ट्रॉन क्विज का रीजनल राउंड जीता

भास्कर न्यूज़|रायपुर

IIM रायपुर ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, रायपुर में हुए NTPC इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 के रायपुर रीजनल राउंड में जीत हासिल की। इस इवेंट में राज्य के अलग-अलग मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट की 90 टीमों ने हिस्सा लिया था। जीतने वाली टीम में एस पी शांतनु और जीवन जिन जोस शामिल थे। अभय सेन और मानस चिलमवार वाली टीम NIT रायपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। विकल्प बार्डेकर और अरमान आरिफ वाली GEC बिलासपुर टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। जीतने वाली टीम को 60000 रुपये मिले। दूसरी और तीसरी टीम को क्रमशः 40000 रुपये और 20000 रुपये मिले। सांत्वना पुरस्कार के तौर पर चौथे, पांचवे व छठे नंबर पर रहने वाली टीमों को 8000 रुपये दिए गए। क्विज



कॉम्पिटिशन ऑन-स्पॉट रिटन राउंड से शुरू हुआ, जिसके बाद ऑडियो-विजुअल/बज़र राउंड हुआ, जिसे जाने-माने क्विज़ मास्टर गौतम बोस ने कंडक्ट किया। रीजनल राउंड की टॉप दो टीमें अब सेमी-फ़ाइनल और नेशनल फ़ाइनल में आगे बढ़ेंगी, जो क्रमशः 18-19 दिसंबर को नोएडा में होने वाला है।

इससे पहले दिवाकर कौशिक, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (WR-II) और सीईओ-NSPCL ने कहा कि NTPC न केवल देश को ऊर्जा उपलब्ध कराता है, बल्कि इलेक्ट्रॉन क्विज़ जैसी आकर्षक और प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा दिमागों की प्रतिभा को भी जागृत करता है।

News 14.12.25